Australian Government
Aged Care Quality and Safety Commission

Engage
Empower
Safeguard

घरेलू सेवा (होम सर्विस) का नाम: [Insert Home Service Name]

कमीशन आई.डी. (Commission ID): [Insert Commission ID]

[Insert Date]

प्रिय उपभोक्ता और/या उपभोक्ता प्रतिनिधि

आपको यह पत्र इसलिए मिला है क्योंकि Aged Care Quality and Safety Commission (कमीशन) उस प्रदाता से मिलने की योजना बना रहा है जो आपको वयोवृद्ध देखभाल सेवाएँ प्रदान करने के लिए जिम्मेदार है। इस मुलाकात का प्रयोजन यह आकलन करना है कि क्या आपको और अन्य उपभोक्ताओं को प्रदान की जा रही देखभाल और सेवाओं की गुणवत्ता वयोवृद्ध देखभाल गुणवत्ता मानकों (Aged Care Quality Standards) को पूरा करती है या नहीं।

कमीशन My Aged Care से अलग एक निकाय है। कमीशन ***आपकी देखभाल के स्तर, आपकी फंडिंग या सरकारी बेनेफिट्स का निर्धारण नहीं करती है,*** और इनमें से किसी पर भी इस पत्र के जवाब में आपके द्वारा उठाए किसी कदम से कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

यदि आप आपके वयोवृद्ध देखभाल सेवा प्रदाता द्वारा आपको प्रदान की जाने वाली देखभाल और सेवाओं की गुणवत्ता पर कोई फीडबैक प्रदान करना चाहते/चाहती हैं तो कमीशन आपके (या आपके प्रतिनिधि के) विचार सुनना चाहता है।

यह प्रक्रिया पूरी तरह से वैकल्पिक है, और आप निम्नलिखित में कोई भी कदम उठाने का फैसला कर सकते/सकती हैं:

1) कमीशन को 1800 951 822 पर फोन करें और फोन पर फीडबैक प्रदान करने के लिए विकल्प 2 दबायें; या

2) अपने वयोवृद्ध देखभाल सेवा प्रदाता से संपर्क करें और जब गुणवता आकलनकर्ता आपके प्रदाता से मिलने आएँ तो गुणवत्ता आकलनकर्ता से बैठक करने का निवेदन करें (आमने-सामने या टेलीफोन पर)। मुलाकात करने की तिथि [Insert Visit Date] है; या

Engage
Empower
Safeguard

3) कमीशन का उपभोक्ता अनुभव ऑनलाइन सर्वेक्षण इंटरनेट पर lonergan.team/homeservice पर पूरा करें। सर्वेक्षण में प्रवेश करने के लिए आपको इस पृष्ठ के शीर्ष भाग पर दिए कमीशन आई.डी. (Commission ID) की ज़रूरत होगी। Lonergan, एक स्वतंत्र अनुसंधान कम्पनी, हमारी ओर से सर्वेक्षण का आयोजन कर रही है।

4) कुछ भी न करें और इस बार आपको प्रदान की गई देखभाल की गुणवत्ता पर फीडबैक न दें। (यदि आप चाहें तो कृपया नि:संकोच यह विकल्प चुनें)।

यदि आप फीडबैक प्रदान करने का फैसला करते/करती हैं, तो कमीशन आपकी जानकारी की गोपनीयता का सम्मान करेगा और आपके वयोवृद्ध देखभाल प्रदाता के साथ विवरण सांझे नहीं करेगा बशर्ते कि आप विशिष्ट तौर पर इसकी सहमति दें, या यदि हम आपकी सुरक्षा, स्वास्थ्य या कल्याण को लेकर बहुत चिंतित हों।

कमीशन की गोपनीयता नीति और अभ्यासों के बारे में जानकारी के लिए, कृपया कमीशन की बेवसाइट agedcarequality.gov.au देखें या 1800 951 822 पर फोन करके और विकल्प 2 दबा कर कमीशन से संपर्क करें।

यदि आपको दुभाषिया सहायता की ज़रूरत है, तो कृपया अनुवाद एवं दुभाषिया सेवा (Translating and Interpreting Service, TIS) को 131 450 पर फोन करें और Aged Care Quality and Safety Commission के लिए निवेदन करें।

आपका भवदीय

Aged Care Quality and Safety Commission